एनएलयू जोधपुर में जॉन एच. जैक्सन मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन

# अंतरराष्ट्रीय व्यापार कानून एनएलयूजे की पहचान का महत्वपूर्ण स्तंभ है : प्रो. हरप्रीत कौर



जोधपुर/ नवज्योति। एनएलयू ने मंगलवार को जॉन एच. जैक्सन मूट कोर्ट प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। यह चार दिवसीय प्रतियोगिता 17 से 20 मार्च तक आयोजित की जा रही है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की मेजबानी एनएलयूजे दूसरी बार कर रहा है और इस वर्ष यह भारत में आयोजित होने वाले सबसे बड़े क्षेत्रीय राउंड्स में से एक है, जो अंतरराष्ट्रीय व्यापार कानून के क्षेत्र में विश्वविद्यालय की अग्रणी भूमिका को और मजबूत करता है।

उद्घाटन समारोह की शुरुआत पारंपरिक "खम्मा घणी" अभिवादन के साथ हुई। प्रतियोगिता के संयोजकों ने इसके ढांचे और विषय-वस्तु की जानकारी दी तथा European Law Students' Association (ELSA) की भूमिका पर प्रकाश डाला, जो इस वैश्विक मूट प्रतियोगिता के ढांचे को संचालित करती है। इस अवसर पर डॉ. बिपिन कुमार ने अंतरराष्ट्रीय व्यापार कानून के क्षेत्र में एनएलयूजे की दीर्घकालिक नेतृत्व भूमिका का उल्लेख करते हुए आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना की। कुलगुरु प्रो. (डॉ.) हरप्रीत कौर ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार कानून एनएलयूजे की शैक्षणिक पहचान का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है, जिसे शोध, मूटिंग उत्कृष्टता और अकादमिक अध्ययन के प्रति विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता से बल मिलता है।

**भारत की भूमिका लगातार मजबूत हो रही है : इनिस**

समारोह में ELSA के प्रतिनिधि इनिस और रोड्रिगो वर्चुअल माध्यम से जुड़े और प्रतियोगिता के वैश्विक महत्व पर प्रकाश डाला। प्रतियोगिताओं की उपाध्यक्ष इनिस ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार विमर्श के केंद्र के रूप में भारत की भूमिका लगातार मजबूत हो रही है। मुख्य अतिथि डॉ. राजन सुदेश रत्ना, वरिष्ठ आर्थिक मामलों के अधिकारी, संयुक्त राष्ट्र एस्कैप (दक्षिण और दक्षिण-पश्चिम एशिया कार्यालय) ने अपने मुख्य भाषण में बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली के सामने उभरती चुनौतियों पर प्रकाश डाला।

उद्घाटन सत्र के बाद प्रतियोगिता अपने प्रक्रियात्मक चरण में प्रवेश कर गई। संयोजकों ने प्रतिभागियों के लिए विस्तृत ब्रीफिंग सत्र आयोजित किया, जिसमें नियमों और अपेक्षाओं की जानकारी दी गई। इसके बाद प्रारंभिक दौर के मुकाबलों के लिए ड्रा ऑफ लॉट्स किया गया, जबकि निर्णायकों के लिए अलग से ब्रीफिंग आयोजित कर मूल्यांकन की एकरूपता सुनिश्चित की गई। इसके बाद प्रतियोगिता का प्रतिस्पर्धात्मक चरण शुरू हुआ, जिसमें विभिन्न कोर्टरूम्स में प्रारंभिक दौर आयोजित किए गए। कुल 16 टीमों ने अनुभवी निर्णायकों के समक्ष आवेदक और प्रतिवादी दोनों पक्षों से अपने तर्क प्रस्तुत किए। पहले दिन की कार्यवाही में प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत गहन शोध, सुव्यवस्थित वकालत और प्रभावी प्रत्युत्तर विशेष रूप से उल्लेखनीय रहे।

# NLUJ hosts John H Jackson Moot Court competition

TNN / Mar 19, 2026, 06:48 IST

Preferred on G Comments Share AA




Jodhpur: National Law University, Jodhpur (NLUJ) Tuesday inaugurated the John H Jackson Moot Court Competition, marking the start of a four-day event from March 17 to 20.

Hosting the competition for the second time, NLUJ is organising one of the largest regional rounds of the moot in India, reaffirming its position as a key centre for international trade law scholarship.

Chief guest Rajan Sudesh Ratna, senior economic affairs officer at United Nations ESCAP South and South-West Asia Office, delivered the keynote address, highlighting evolving challenges facing the multilateral trading system.

Drawing from his experience as part of India's delegation in key WTO negotiations, including the Uruguay Round, he spoke about the erosion of foundational WTO principles, the absence of an effective appellate mechanism, and the wider impact of unilateral trade measures.

Vice-chancellor Harpreet Kaur, in her inaugural address, highlighted international trade law as a core component of NLUJ's academic identity, backed by a strong focus on research, mooting and academic scholarship.

टैरिफ विवाद से डब्ल्यूटीओ संकट तक गूंजे समकालीन मुद्दे

# एनएलयू जोधपुर में वैश्विक मूट का आगाज, 16 टीमों ने पहले ही दिन दिखाया कानूनी कौशल

पत्रिका pu रिपोर्टर
patrika.com

जोधपुर. नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी जोधपुर में मंगलवार से जॉन एच. जैक्सन मूट कोर्ट प्रतियोगिता का चार दिवसीय आयोजन शुरू हुआ। इसमें देश-विदेश की 16 टीमों ने पहले ही दिन अपने कानूनी तर्कों से प्रभाव छोड़ा। यह प्रतियोगिता भारत के प्रमुख क्षेत्रीय राउंड्स में शामिल है, जो अंतरराष्ट्रीय व्यापार कानून में विश्वविद्यालय की बढ़ती पकड़ को दर्शाती है। उद्घाटन समारोह में कुलगुरु प्रो. हरप्रीत कौर ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार कानून विश्वविद्यालय की शैक्षणिक पहचान का प्रमुख आधार बन चुका है। उन्होंने शोध, मूटिंग और अकादमिक उत्कृष्टता के माध्यम से इस क्षेत्र में निरंतर योगदान की बात कही। मुख्य अतिथि संयुक्त राष्ट्र एस्कैप के वरिष्ठ अधिकारी डॉ. राजन सुदेश रत्ना ने वैश्विक व्यापार प्रणाली में बदलते परिदृश्य पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि बहुपक्षीय व्यवस्था के मूल सिद्धांत कमजोर हो रहे हैं और एकतरफा व्यापार उपायों का प्रभाव बढ़ रहा है। उद्घाटन सत्र के बाद ड्रॉ ऑफ लॉट्स के जरिए मुकाबलों की रूपरेखा तय हुई।



एनएलयू जोधपुर में मूट कोर्ट प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह और प्रतियोगिता में भाग लेने पहुंची विभिन्न टीमें।

**क्यों अहम है आयोजन:** एनएलयू जोधपुर दूसरी बार इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की मेजबानी कर रहा है। इससे विश्वविद्यालय की अंतरराष्ट्रीय व्यापार कानून में मजबूत पकड़ और वैश्विक शैक्षणिक नेटवर्क में बढ़ती भूमिका स्पष्ट होती है, साथ ही भारत की भागीदारी भी इस क्षेत्र में मजबूत होती दिख रही है।

**प्रतियोगिता की खासियत:** यह मूट कोर्ट प्रतियोगिता केवल प्रतिस्पर्धा तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रतिभागियों के बीच सहयोग, वार्ता और बौद्धिक संवाद को भी बढ़ावा देती है। अंतरराष्ट्रीय मंच पर यह आयोजन कानून के छात्रों को वास्तविक वैश्विक मुद्दों पर सोचने और तर्क विकसित करने का अवसर देता है।

19.3.2026. DB: P-10

# एनएलयू में जॉन एच. जैक्सन मूट कोर्ट प्रतियोगिता शुरू;



नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी में मंगलवार को जॉन एच. जैक्सन मूट कोर्ट प्रतियोगिता का बुधवार को शुभारंभ हुआ। चार दिवसीय यह प्रतियोगिता 17 से 20 मार्च तक होगी। एनएलयूजे दूसरी बार इस प्रतियोगिता की मेजबानी कर रहा है। कुलगुरु प्रो. हरप्रीत कौर ने अपने संबोधन में कहा कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार कानून एनएलयूजे की शैक्षणिक पहचान का महत्वपूर्ण आधार है। उन्होंने टैरिफ विवाद, विश्व व्यापार संगठन के विवाद निपटान तंत्र और अपीलीय निकाय संकट जैसे समकालीन मुद्दों पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम में डॉ. राजन सुदेश रत्ना मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली के सामने उभरती चुनौतियों को रेखांकित किया। प्रतियोगिता के पहले दिन विभिन्न कोर्ट रूम में प्रारंभिक दौर के मुकाबले आयोजित हुए, जिनमें कुल 16 टीमों ने भाग लिया।

# एनएलयू में जॉन एच. जैक्सन मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन

जोधपुर, 18 मार्च (जलतेदीप)। नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी में जॉन एच. जैक्सन मूट कोर्ट प्रतियोगिता का उद्घाटन हुआ। प्रतियोगिता 17 से



20 मार्च 2026 तक आयोजित की जा रही है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की मेजबानी एनएलयूजे दूसरी बार कर रहा है और इस वर्ष यह भारत में आयोजित होने वाले सबसे बड़े क्षेत्रीय राउंड्स में से एक है, जो अंतरराष्ट्रीय व्यापार कानून के क्षेत्र में विश्वविद्यालय की अग्रणी भूमिका को और मजबूत करता है।

उद्घाटन समारोह की शुरुआत पारंपरिक खम्मा घणी अभिवादन के साथ हुई, जिसके बाद दीप प्रज्वलन कर प्रतियोगिता का औपचारिक शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर डॉ. बिपिन कुमार ने अंतरराष्ट्रीय व्यापार कानून के क्षेत्र में एनएलयूजे की दीर्घकालिक नेतृत्व भूमिका का उल्लेख करते हुए आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना की।

उद्घाटन संबोधन में कुलगुरु प्रो. (डॉ.) हरप्रीत कौर ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार कानून एनएलयूजे की शैक्षणिक पहचान का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है, जिसे शोध, मूटिंग उत्कृष्टता और अकादमिक अध्ययन के प्रति विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता से बल मिलता है।

समारोह में सुश्री इनिस और रोड्रिगो वर्चुअल माध्यम से जुड़े और प्रतियोगिता के वैश्विक महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि डॉ. राजन सुदेश रत्ना, वरिष्ठ आर्थिक मामलों के अधिकारी, संयुक्त राष्ट्र एस्कैप (दक्षिण और दक्षिण-पश्चिम एशिया कार्यालय) ने अपने मुख्य भाषण में बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली के सामने उभरती चुनौतियों पर प्रकाश डाला।

# एनएलयू में जॉन एच. जैक्सन मूट कोर्ट प्रतियोगिता शुरू

**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** एनएलयू जोधपुर में आज जॉन एच. जैक्सन मूट कोर्ट प्रतियोगिता शुरू हुई। इस चार दिवसीय प्रतियोगिता की मेजबानी एनएलयूजे दूसरी बार कर रहा है और इस वर्ष यह भारत में आयोजित होने वाले सबसे बड़े क्षेत्रीय राउंड्स में से एक है, जो अंतरराष्ट्रीय व्यापार कानून के क्षेत्र में विश्वविद्यालय की अग्रणी भूमिका को और मजबूत करता है।

उद्घाटन समारोह में कुलगुरु प्रो. (डॉ.) हरप्रीत कौर ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार कानून एनएलयूजे की शैक्षणिक पहचान का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है, जिसे शोध, मूटिंग उत्कृष्टता और अकादमिक अध्ययन के प्रति विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता से बल मिलता है। समारोह में एल्सा के प्रतिनिधि इनिस और रोड्रिगो वर्चुअल माध्यम से जुड़े और प्रतियोगिता के वैश्विक महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि डॉ. राजन सुदेश रत्ना ने अपने मुख्य भाषण में बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली के सामने उभरती चुनौतियों पर प्रकाश डाला। उद्घाटन सत्र के बाद प्रतिभागियों के लिए विस्तृत ब्रीफिंग सत्र आयोजित किया, जिसमें नियमों और अपेक्षाओं की जानकारी दी गई। इसके बाद प्रारंभिक दौर के मुकाबलों के लिए ड्रा ऑफ लॉट्स किया गया, जबकि निर्णायकों के लिए अलग से ब्रीफिंग आयोजित कर मूल्यांकन की एकरूपता सुनिश्चित की गई।

# NLUJ hosts John H Jackson Moot Court competition



**Jodhpur:** National Law University, Jodhpur (NLUJ) Tuesday inaugurated the John H Jackson Moot Court Competition, marking the start of a four-day event from March 17 to 20. Hosting the competition for the second time, NLUJ is organising one of the largest regional rounds of the moot in India, reaffirming its position as a key centre for international trade law scholarship. TNN

Edit PDF Comment Highlight Draw Fill & Sign More tools